Class-8 Hindi SA1

International Indian School, Riyadh
2nd Worksheet for VIII Std. (2016-2017)
Subject - Hindi (Ist Term)

FA-I Portion

1. दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए :-

1. विरोध ×
2. शकुन ×
3. शूरवीर ×
4. शीत ×
5. सुमति ×
6. सदुपयोग ×
7. स्वामी ×
8. सक्रिय ×
9. हास्य ×
10. हित ×

2. पर्यायवाची शब्द लिखिए :- FA-II Portion

1. दास -
2. दिन -
3. दुर्गा -
4. देवता -
5. दोस्त -
6. धरती -
7. नदी -
8. नमस्कार -
9. नारी -
10. नौका -

3. संधि की परिभाषा लिखिए 2 उदाहरण (वाक्य सहित) के साथ

4. संधि विच्छेद :-

1. शिक्षालय -
2. धर्मात्मा -
3. सूर्योदय
4. महोल्लास -
5. एकैक
6. महौषध -
7. अत्याधिक -
8. इत्यादि -
9. पवन -
10. नयन -

5. समुच्चयबोधक की परिभाषा उदाहरणों सहित लिखिए ?

FA-I Portion

6. अनुच्छेद लिखिए - "आपदा प्रबंधन"

7. पत्र लिखिए :- "प्रधानाचार्य को चरित्र प्रमाण-पत्र देने के लिए प्रार्थना पत्र"

8. अपठित गद्यांश -

FA-II Portion.

एक समय था, जब हमारे देश में वनों की कोई कमी नहीं थी और बड़े-बड़े शहरों का विकास नहीं हुआ था। गाँव और बस्तियाँ अधिकतर जंगलों के किनारे बसे हुए थे। ग्रामीण जीवन में वनों का विशिष्ट स्थान था। वन भारतीय जीवन के स्रोत थे। यह सुखद संस्मरण अब भूतकाल की बात हो गई है। वर्तमान जीवन बड़े-बड़े महानगरों में सीमेंट, लोहे और कंक्रीट के जंगल में कैद है। अब स्वच्छ वायु, प्राकृतिक दृश्य, वनों की छटा स्वप्न बनकर रह गए हैं। वर्तमान विशेषज्ञों का कहना है कि देश के कम से कम ४० प्रतिशत भाग में वन होने आवश्यक हैं, परंतु दुर्भाग्य यह है कि मात्र २३ प्रतिशत भाग में शेष रह गए हैं। वनों की घटती संख्या के कारण हैं - बढ़ती हुई जनसंख्या, फैलते हुए मैदान, बड़े-बड़े उद्योगों की स्थापना और आधुनिक सभ्यता वनों के बिना सभी प्राणियों का जीवित रहना बहुत कठिन है।

1. गाँव और बस्तियाँ कहाँ बने हुए थे ?
2. ग्रामीण जीवन में किसका विशिष्ट स्थान है ?
3. वर्तमान जीवन में महानगर किन जंगलों में कैद है ?
4. देश में कम से कम कितने प्रतिशत भाग में वन होने आवश्यक हैं ?
5. वनों की घटती संख्या का कारण क्या-क्या है ?
6. गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक लिखिए ?

१. अपठित पद्यांश :-

पर्वत कहता शीश उठाकर,
तुम भी ऊँचे बन जाओ,
सागर कहता है लहराकर,
मन में गहराई लाओ।
पृथ्वी कहती धैर्य न छोड़ो,
कितना ही हो सर पर भार,
नभ कहता है फैलो इतना,
ढक लो तुम सारा संसार।
समझ रहे हो क्या कहती हैं,
उठ-उठ गिर-गिर तरंग-तरंग
भर लो, भर लो अपने मन में,
मीठी-मीठी मृदुल उमंग।

प्रश्नोत्तर :-

① पर्वत हमें क्या संदेश देता है?
② समुद्र से हमें क्या सीख मिलती है?
③ पृथ्वी का हमारे लिए क्या संदेश है?
④ नभ हमें क्या प्रेरणा देता है?
⑤ तरंगें हमें क्या करने के लिए उकसाती हैं?
⑥ पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए?

—— x —— x ——
—— x ——

International Indian School, Riyadh.
I[st] Worksheet for VIII Std. (2016-2017)
Subject :- Hindi (I[st] Term)

प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

ध्वनि (कविता)

1. कवि को ऐसा विश्वास क्यों है कि उसका अंत अभी नहीं होगा ?
2. फूलों को अनंत तक विकसित करने के लिए कवि कौन-कौन सा प्रयास करता है ?
3. कवि पुष्पों की तंद्रा और आलस्य दूर हटाने के लिए क्या करना चाहता है ?

लाख की चूड़ियाँ (कहानी) FA-I Portion

1. बचपन में लेखक अपने मामा के गाँव चाव से क्यों जाता था और बदलू को 'बदलू मामा' न कहकर 'बदलू काका' क्यों कहता था ?
2. 'वस्तु-विनिमय' क्या है ? विनिमय की प्रचलित पद्धति क्या है ?
3. 'मशीनी युग ने कितने हाथ काट दिए हैं' - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है ?
4. मशीनी युग से बदलू के जीवन में क्या बदलाव आया है ?

बस की यात्रा (कहानी)

1. "मैंने उस कंपनी के हिस्सेदार की तरफ़ पहली बार श्रद्धाभाव से देखा।" - लेखक के मन में हिस्सेदार साहब के लिए श्रद्धा क्यों जग गई ?

2- "लोगों ने सलाह दी कि समझदार आदमी इस शाम वाली बस से सफ़र नहीं करते।" लोगों ने यह सलाह क्यों दी?

3- "ऐसा जैसे सारी बस ही इंजन है और हम इंजन के भीतर बैठे हैं।" लेखक को ऐसा क्यों लगा?

4. "गज़ब हो गया। ऐसी बस अपने आप चलती है।" लेखक को यह सुनकर हैरानी क्यों हुई?

सुदामा चरित (कविता) FA-II Portion

1. सुदामा की दीनदशा देखकर श्रीकृष्ण की क्या मनोदशा हुई? अपने शब्दों में लिखिए।

2. "पानी परात को हाथ छुयो नहीं, नैनन के जल सो पग धोए।" इस पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए?

3. द्वारिका से खाली हाथ लौटते समय सुदामा मार्ग में क्या-क्या सोचते जा रहे थे? वह कृष्ण के व्यवहार से क्यों खीझ रहे थे?

4. अपने गाँव लौटकर जब सुदामा अपनी झोपड़ी नहीं खोज पाए तब उनके मन में क्या-क्या विचार आए? कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए?

जब सिनेमा ने बोलना सीखा (कहानी)

1. जब पहली बोलती फिल्म प्रदर्शित हुई तो उसके पोस्टरों पर कौन-से वाक्य छापे गए? उस फिल्म में कितने चेहरे थे? स्पष्ट कीजिए।

2. पहला बोलता सिनेमा बनाने के लिए फिल्मकार अर्देशिर एम. ईरानी को प्रेरणा कहाँ से मिली? उन्होंने आलम आरा फिल्म के लिए आधार कहाँ से लिया? विचार व्यक्त कीजिए।

3. विट्ठल का चयन आलम आरा फिलम के नायक के रूप में हुआ, लेकिन उन्हें हटाया क्यों गया ? विट्ठल ने पुनः नायक होने के लिए क्या किया ? विचार प्रकट कीजिए ।

—×—×—
—×—

1. पहाड़ से ऊँचा आदमी
2. चिट्ठियों की अनूठी दुनिया
} For Oral

—×—×—